Chapter- 9

# विशेषण

## STUDY NOTES

**विषय सारांश:**

- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता या गुण बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।
- विशेषण के चार भेद हैं। जैसे- गुणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण, सार्वनामिक विशेषण।

१. **गुणवाचक विशेषण:** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण, अवस्था, रूप, रंग, आकार आदि का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
उदाहरण- बड़ा, ऊँचा, मूर्ख, नीला, बीमार............ आदि।

२. **संख्यावाचक विशेषण:** जो शब्द संज्ञा शब्दों की संख्या या क्रम बताते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
उदाहरण- कुछ, एक, दो, पाँचवा, पहला ............आदि।

संख्यावाचक विशेषण के दो भेद हैं। निश्चित संख्यावाचक विशेषण और अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण।

- जो विशेषण शब्द निश्चित संख्या का बोध कराते हैं उन्हें निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- बीस, आठ, छठा, दूसरा, पहली ........... आदि।
- जो विशेषण शब्द निश्चिति संख्या का बोध नहीं कराते, उन्हें अनिश्चति संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- कुछ, कई .......... आदि।

३. **परिमाणवाचक विशेषण:** जो शब्द संज्ञा शब्दों का माप- तौल बताते हैं, उन्हें परिणामवाचक विशेषण कहते हैं।
परिमाणवाचक विशेषण को दो भागों में बॉटा जाता हैं। जैसे- निश्चित परिमाणवाचक विशेषण और अनिश्चित परमिाणवाचक विशेषण।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

- जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तौल बताते हैं, उन्हें निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- दो लीटर दूध, तीन मीटर कपड़ा ............ आदि।

- जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तौल नहीं बताते उन्हें अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- थोड़ी दाल, अधिक गरमी, बहुत मिठास ............ आदि।

४. **सार्वनामिक विशेषण**: जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उसकी विशेषता बताते हैं, उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

**उदाहरण-** यह घर, वे पेड़, मेरा कमरा .......... आदि।

**आइए, अब लिखें:**

१. निम्नलिखित विशेषण शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए।

कोई खट्टा भारी यह कायर कुछ लोग भारतीय सातवँ वह

डेढ़ दर्जन छह किलो उस ज्यादा तीस दो मीटर सौ लीटर

| गुणवाचक | संख्यावाचक | परिमाणवाचक | सार्वनामिक |
|---|---|---|---|
| खट्टा | डेढ़ दर्जन | छह किलो | वह |
| भारी | तीस | दो मीटर | कोई |
| कायर | कुछ लोग | सौ लीटर | उस |
| भारतीय | सातवाँ | ज्यादा | यह |

२. विशेषण शब्दों को उचित विशेष्य से मिलाइए।

| | |
|---|---|
| क) चार लीटर | i) इमारत |
| ख) ऊँची | ii) वस्तुएँ |
| ग) हरी | iii) पानी |
| घ) अधिक | iv) व्यक्ति |
| ङ) स्वस्थ | v) मौसम |
| च) सुहाना | vi) घास |

३. दिए गए चित्रों के सामने दो-दो विशेषण शब्द लिखकर उनसे वाक्य बनाइए।



बड़ी- मुझे बड़ी गेंद से खेलना पसंद है।

मेरी- यह मेरी गेंद है।



सुंदर- रामू का घोड़ा बहुत सुंदर है।

चालाक- चालाक घोड़े ने मालिक की जान बचाई।



मेरी- मेरी दादी कल आएँगीं।

पढ़ाकु- पढ़ाकु दादी कहानी पढ़ रही है।

४. उचित विशेषण शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) आज का दिन बहुत **अच्छा** है।

ख) आकाश में **कई** तारे टिमटिमाते हैं।

ग) हमारी धरती **सुंदर** है।

घ) तैराक **थंडे** पानी में कूद पड़ा।

ङ) गायक ने **सुरीला** गीत गाकर सबका मन जीत लिया।

च) डॉक्टर ने मोना को **ताजे** फल खाने को कहा।

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow